>

Title: Request to government to give at least 30 student admission in Kendriya Vidyalaya under the Member of Parliament rights.

श्रीमती जसकौर मीना (दौसा): माननीय अध्यक्ष जी, मैं एक अति महत्वपूर्ण व्यवस्था की तरफ आपका ध्यान दिलाना चाहती हूँ। मानव संसाधन विकास मंत्री के माध्यम से प्रत्येक सांसद को 10 छात्रों का प्रवेश केन्द्रीय विद्यालयों में कराने हेतु अधिकृत किया है। जबकि एक-एक सांसद के पास पांच से ले कर दस विधान सभाओं का क्षेत्र है। मेरे पास दो हजार फार्म्स आए हैं। ऐसे ही सभी सांसदों के पास आए होंगे। …(व्यवधान) मेरा निवेदन है कि इस व्यवस्था में कम से कम तीस छात्रों का प्रवेश दिलाने के लिए अधिकृत किया जाए या इस व्यवस्था को समाप्त कर दिया जाए, जिससे कम से कम हमें दिक्कत तो न आए।

माननीय अध्यक्ष : श्री देवजी एम. पटेल, श्री सी.पी. जोशी, श्री अजय कुमार, कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री श्रीरंग आप्पा बारणे एवं डॉ. श्रीकांत एकनाथ शिंदे को श्रीमती जयकौर मीना द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।